रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 363] नई दिल्ली, बुधवार, अप्रैल 19, 2006/चैत्र 29, 1928
No. 363] NEW DELHI, WEDNESDAY, APRIL 19, 2006/CHAITRA 29, 1928

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 18 अप्रैल, 2006

का.आ. 552(अ).—दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में गठित अधिकरण, जिसको विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(1) के अंतर्गत यह न्याय-निर्णय करने सम्बन्धी मामला भेजा गया था कि संगमों नामशः नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) को विधिविरुद्ध घोषित किए जाने के पर्याप्त कारण हैं या नहीं, के आदेश को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(4) के अंतर्गत आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है।

31-3-2006

उपस्थित : श्री राजीव मेहरा और श्री शैलेन्द्र शर्मा, भारत संघ की ओर से अधिवक्ता

श्री गोपाल सिंह और श्री ऋतु राज बिस्वास, त्रिपुरा राज्य की ओर से अधिवक्ता

भेजे गए निर्देश के संबंध में आज की तारीख के एक पृथक आदेश द्वारा दिया गया उत्तर सकारात्मक है।

विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अंतर्गत गठित अधिकरण के

समक्ष

(माननीय न्यायमूर्ति श्री अनिल कुमार)

संगमो, नामशः

'नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा'

एवं 'ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स'

के मामले में

तथा

विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4 (1) के अंतर्गत संदर्भित मामले में

आदेश

1). केन्द्र सरकार ने विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'अधिनियम' कहा गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 3 अक्तूबर, 2005 की राजपत्र अधिसूचना सं. का.आ. 1446 (अ) के द्वारा 'नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा'तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स' (जिन्हें संक्षेप में क्रमशः 'एन.एल.एफ.टी.' एवं 'ए.टी.टी.एफ.' कहा गया है) को विधिविरुद्ध संगम घोषित किया था तथा उक्त अधिसूचना में उल्लिखित परिस्थितियों के आलोक में यह मत बनाया था कि 'एन.एल.एफ.टी.' तथा 'ए.टी.टी.एफ.' को तत्काल प्रभाव से विधिविरुद्ध संगम घोषित करना आवश्यक है।

2). तदनुसार, केन्द्र सरकार ने, अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (3) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निदेश दिया था कि उक्त अधिसूचना उक्त अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत किए जाने वाले किसी भी आदेश के अध्यधीन सरकारी राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से लागू होगी। दिनांक 3 अक्तूबर, 2005 की उक्त राजपत्र अधिसूचना सं. का.आ. 1446 (अ) का पाठ निम्नानुसार है:-

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली-110001

दिनांक 3 अक्तूबर, 2005

अधिसूचना

का0आ0 1446 (अ) --- यतः नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा तथा उसके अनेक विंगों (जिसे इसमें इसके पश्चात एन0एल0एफ0टी0 कहा गया है) का स्पष्ट लक्ष्य त्रिपुरा के अन्य सशस्त्र अलगाववादी संगठनों के सहयोग से और सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से त्रिपुरा को भारत से अलग करके एक स्वतंत्र "बोरोक्लैण्ड त्विपरा" की स्थापना करना तथा अलगाव के लिए त्रिपुरा के स्थानीय लोगों को भड़काना और इस प्रकार त्रिपुरा को भारत से अलग करना है;

और यतः ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (जिसे इसमें इसके पश्चात ए0टी0टी0एफ0 कहा गया है) का स्पष्ट लक्ष्य पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य सशस्त्र अलगाववादी संगठनों के सहयोग से त्रिपुरा , असम, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, मेघालय तथा अरूणाचल प्रदेश को शामिल करके सात प्रदेशों के एक पृथक राष्ट्र की स्थापना करना, जिससे उक्त राज्य भारत से अलग हो सकें तथा इन राज्यों को भारत संघ से अलग करने के लिए सशस्त्र संघर्ष को जारी रखना और ऐसा करके इन राज्यों को भारत से पृथक करना है ;

और यतः केन्द्र सरकार का मत है कि एन0एल0एफ0टी0 और ए0टी0टी0एफ0:

(i) अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विद्रोही तथा हिंसक गतिविधियों में लिप्त हैं और इस प्रकार इन्होंने सरकार के प्राधिकार को क्षति पहुंचाई है और लोगों में डर एवं आतंक फैलाया है,

(ii) ने यूनाईटेड लिब्रेशन फ्रंट आफ असम (उल्फा) और मणिपुर के मैतेई उग्रवादी गुटों जैसे अन्य विधि विरूद्ध संगठनों का समर्थन प्राप्त करने के उद्देश्य से उनसे सम्बन्ध स्थापित किए हैं,

(iii) हाल के पिछले कुछ समय में अपने उद्देश्य एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कई हिसक तथा विधि विरूद्ध गतिविधियों में लिप्त रहे है जोकि भारत की संप्रभुता तथा अखंडता के लिए हानिकर हैं।

और यतः केन्द्रीय सरकार का यह भी मत है कि उनकी हिंसक एवं विधि विरूद्ध गतिविधियों में निम्नलिखित शामिल है:-

(क) नागरिकों तथा पुलिस एवं सुरक्षा बलों के कार्मिकों की हत्या,

(ख) त्रिपुरा में व्यवसायियों एवं व्यापारियों सहित जनता से जबरन धन ऐंठना,

(ग) गुप्त एवं अवैध माध्यमों से भारी मात्रा में अत्याधुनिक शस्त्र एवं गोलाबारूद प्राप्त करना तथा उन्हें गुप्त रूप से पड़ोसी देश के माध्यम से त्रिपुरा में लाना,

(घ) सुरक्षित आश्रय, प्रशिक्षण, शस्त्र एवं गोलाबारूद आदि की प्राप्ति के प्रयोजन के लिए पड़ोसी देश में शिविर स्थापित करना तथा उन्हें बनाए रखना,

(ङ) त्रिपुरा में जनजातीय एवं गैर जनजातीय समुदायों के बीच सांप्रदायिक संघर्ष उत्पन्न करने एवं उसमें वृद्धि करने के लिए त्रिपुरा के दूसरे जनजातीय उग्रवादी संगठनों के साथ संबंध स्थापित करना और उन्हें बनाए रखना।

और यतः केन्द्र सरकार का यह मत है कि एन0एल0एफ0टी0 और ए0टी0टी0एफ0 की उपरोक्त गतिविधियां भारत की संप्रभुता एवं अखंडता के प्रतिकूल हैं तथा ये विधि विरूद्ध संगम हैं,

अतः अब, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 3 की उप-धारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार एतद्द्वारा नेशनल लिब्रेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) को इसके सभी गुटों शाखाओं और प्रमुख संगठनों सहित तथा आल त्रिपुरा टाईगर फोर्स (एटीटीएफ) को इसके सभी गुटों शाखाओं और प्रमुख संगठनों सहित विधिविरुद्ध संगम घोषित करती है।

और यतः केन्द्र सरकार का यह भी मत है कि यदि एन.एल.एफ.टी. तथा ए.टी.टी.एफ. की विधिविरूद्ध गतिविधियों पर तत्काल नियंत्रण न किया गया तो इन संगठनों को निम्नलिखित कार्यों के करने का अवसर मिल जाएगा:-

(i) अलगाववादी, विद्रोही, आतंकवादी एवं हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अपने काडरों को संगठित करना;

(ii) भारत की संप्रभुता एवं राष्ट्रीय अखण्डता के प्रति वैमनस्य भाव रखने वाली शक्तियों के साथ मिलकर राष्ट्र विरोधी गतिविधियो का प्रचार करना;

(iii) अधिकाधिक नागरिकों की हत्याएं करने में संलिप्त रहना तथा पुलिस एवं सुरक्षा बलों के कार्मिकों को निशाना बनाना;

(iv) अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पार से और अधिक गैर कानूनी हथियार एवं गोलाबारूद प्राप्त करना और लाना;

(v) अपनी गतिविधियों के लिए जनता से बड़ी राशि इकट्ठी करना तथा जबरन धन ऐंठना;

और यतः, केन्द्र सरकार की उक्त स्थितियों के मद्देनजर यह राय है कि एन0एल0एफ0टी0 और ए0टी0टी0एफ0 को तत्काल प्रभाव से विधि विरूद्ध संगम घोषित करना आवश्यक है, और तदनुसार, उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप धारा (3) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार एतद्द्वारा यह निदेश देती है कि यह अधिसूचना उक्त अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत किए जाने वाले किसी भी आदेश के अध्यधीन, सरकारी राजपत्र मे इसके प्रकाशन की तारीख से लागू होगी।

(एच. एस. ब्रह्मा)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
(फा0 सं0 11011/47/2005-एन.ई.III)

3). केन्द्रीय सरकार ने अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 29 अक्तूबर, 2005 की अनुवर्ती अधिसूचना सं. का.आ. 1548 (अ) के द्वारा मेरी अध्यक्षता में 'विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण' (जिसे इसमें इसके बाद 'अधिकरण' कहा गया है) का गठन यह न्यायनिर्णय करने के लिए किया है कि ***एनएलएफटी और एटीटीएफ को विधिविरुद्ध संगम घोषित किए जाने के लिए पर्याप्त कारण विद्यमान हैं अथवा नहीं।*** दिनांक 29 अक्तूबर, 2005 की अधिसूचना सं. का.आ. 1548 (अ) का पाठ निम्नवत है:-

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 अक्तूबर, 2005

का.आ. 1548 (अ). - विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 5 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार यह निर्धारित करने के लिए कि क्या नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा तथा आल त्रिपुरा टाइगर फोर्स को विधिविरुद्ध संगम घोषित करने के पर्याप्त कारण हैं अथवा नहीं, एतद्द्वारा, दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में एक "विधिविरुद्ध कार्यकलाप (निवारण) अधिकरण" का गठन करती है।

[फा.सं. 11011/47/2005-एन.ई. III]
राजीव अग्रवाल, संयुक्त सचिव (एन.ई.)

4. केन्द्र सरकार से उनके 31 अक्तूबर, 2005 के पत्र सं. 11011/47/2005-एनई III के माध्यम से अधिनियम की धारा 4 (1) के अधीन एक निदेश, एनएलएफटी और एटीटीएफ के उद्देश्यों/लक्ष्यों तथा उनकी हिंसक गतिविधियों को उजागर करने के संक्षिप्त ब्यौरे के साथ प्राप्त हुआ है। ब्यौरे में निम्नलिखित तथ्यों एवं दृढ़ कथनों का उल्लेख किया गया है:-

1. त्रिपुरा पिछले 20 वर्षों से विद्रोह का सामना कर रहा है । यद्यपि 20 सशस्त्र जनजातीय संगठनों की स्पष्ट रूप से पहचान कर ली गई है किन्तु अधिकतर हत्याओं के लिए जिम्मेदार केवल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स में कुछ वैचारिक समानताएं हैं जिनसे उनकी मुख्य गतिविधियों में आर्थिक लाभों के लिए हत्याएं, लूटपाट, जबरन धन वसूली, व्यपहरण आदि शामिल हैं। अधिकतर हिंसा गैर-जनजातीय लोगों के प्रति की जाती है।

2. नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एएनएलएफटी) और आल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) त्रिपुरा को शेष भारत से अलग करने तथा एक नए देश की स्थापना करने की मांग करके अलगाववादी प्रवृतियां फैला रहे थे। जहां एनएलएफटी शुरू से ही अलग देश की मांग कर रहा है वहीं एटीटीएफ की अलगाववादी प्रवृतियां 1997 में गठित इसके राजनीतिक विंग त्रिपुरा पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रन्ट (टीपीडीएफ) द्वारा सशस्त्र आन्दोलन के माध्यम से 'राष्ट्रीय स्वतंत्रता' की बात किए जाने तथा भारतीय

सेना/सुरक्षा बलों को 'भारतीय आधिपत्य बलों' तथा भारत की स्वतंत्रता को 'औपनिवेशिक गुलामी' की संज्ञा दिए जाने के समय से अधिक स्पष्ट हुई हैं। एटीटीएफ भारत के साथ त्रिपुरा के विलय का भी विरोध करता रहा है। ये दोनों संगठन लोकतांत्रिक रूप से चुनी तथा विधिक रूप से गठित सरकारों को उखाड़ फैंकने के अपने उद्देश्य को हांसिल करने के साधनों के रूप में न केवल सशस्त्र क्रांति एवं हिंसा में विश्वास करते हैं बल्कि ये हिंसा, निर्दोष लोगों की हत्या तथा नृजातीय गड़बड़ियों में भी शामिल रहे हैं। दोनों संगठन राष्ट्रीय दिवस समारोहों का भी बहिष्कार करते रहे हैं।

3. राज्य में 28 पुलिस थानों को पूर्ण रूप से अशान्त तथा 6 पुलिस थानों को आंशिक रूप से अशान्त घोषित किए जाने के बावजूद एनएलएफटी तथा एटीटीएफ दोनों हत्या तथा लूटपाट की कार्रवाइयों को जारी रखे हुए हैं। एनएलएफटी तथा एटीटीएफ की हिंसक गतिविधियां अभी भी जारी हैं। ये दोनों संगठन त्रिपुरा से गैर-जनजातीय लोगों, विशेष रूप से बंगालियों, को बाहर करने तथा मौका मिलने पर उन पर हमला करने का समर्थन करते रहे हैं जिसके कारण मामूली उकसावे पर बार-बार नृजातीय संघर्ष/तनाव पैदा हो जाते हैं। राज्य में जनजातीय-गैर-जन-जातीय लोगों के बीच तनाव इन आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों के कारण बना हुआ है।

4. एटीटीएफ तथा एनएलएफटी की हिंसा का स्तर नीचे दिया गया है:-

वर्ष	एटीटीएफ तथा एनएलएफटी द्वारा मारे गए व्यक्तियों (सुरक्षा बल/पुलिस) की संख्या		
	एटीटीएफ	एनएलएफटी	व्यपहरण
1999	42(7)	154 (33)	-
2000	23(4)	216(11)	484
2001	47(9)	172(26)	168
2002	48(1)	114(40)	140
2003	106(23)	109(14)	174
2004	48(15)	57(31)	57
2005 (15 अक्तूबर तक)	5(3)	21(03)	45

5. 1993 के मध्य में गठित एटीटीएफ के सदस्यों की संख्या लगभग 350 कट्टर सशस्त्र काडर हैं तथा इसका नेतृत्व रंजीत देबबर्मा द्वारा किया जाता है। यह पूरे ढलाई जिले, पश्चिम त्रिपुरा जिले के खोवई, कल्याणपुर, तेलियामुरा, जिरेनिया, तकरजला तथा सिधाई पुलिस थाना क्षेत्रों, उत्तरी त्रिपुरा जिले के कैलाशनगर, फटीकराय तथा कंचनपुर पुलिस थाना क्षेत्र तथा दक्षिण त्रिपुरा जिले के बीरगंज, आर.के. पुर, तायडु और औम्पी पुलिस थाना क्षेत्रों में सक्रिय हैं। 1989 में गठित तथा विस्व मोहन देबबर्मा के नेतृत्व वाले एनएलएफटी के काडरों की अनुमानित संख्या 600 तथा हथियारों की संख्या 350 है। इसका प्रभाव सम्पूर्ण ढलाई जिले, पश्चिम त्रिपुरा जिले के कल्याणपुर तथा तकरजला पुलिस थाना क्षेत्र, उत्तरी त्रिपुरा जिले के कंचनपुर और वधमान पुलिस थाना क्षेत्रों तथा दक्षिण त्रिपुरा जिलों के बीरगंज, तायडू, नूतन बाजार, शान्तीर बाजार एवं ओम्पी पुलिस थाना क्षेत्रों में है। त्रिपुरा में फरवरी, 1997 में 19 पुलिस थानों तथा बाद में और क्षेत्रों को 'अशान्त' क्षेत्र घोषित किए जाने का एनएलएफटी की गतिविधियों पर कोई प्रभाव नही पड़ा है। बल्कि यह संगठन विभिन्न क्षेत्रों में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने तथा त्रिपुरा में प्रमुख आतंकवादी संगठन के रूप में उभरने में सफल रहा है।

6. एटीटीएफ तथा एनएलएफटी दोनों के बंगलादेश में प्रशिक्षण शिविर और छिपने के अड्डे हैं तथा ये हिंसा की प्रमुख घटनाओं में शामिल होने के बाद आश्रय के लिए बार-बार बंगलादेश के भू-भाग का प्रयोग करते रहे हैं। इनमें से अधिकांश घटनाओं की योजनाएं बंगलादेश में तैयार की गई हैं तथा इनको वहीं से निष्पादित किया गया है। इन्होंने बड़ी तादाद में अत्याधुनिक हथियार प्राप्त कर लिए हैं तथा इनके पूर्वोत्तर के अन्य विद्रोही संगठनों के साथ गहन संबंध रखने की सूचना है। हाल की रिपोर्टों से पता चलता है कि त्रिपुरा में अपने अभियानों को चलाने के लिए एक ओर एनएलएफटी और एनएससीएन (आईएम) के बीच तथा दूसरी ओर एटीटीएफ और उल्फा के बीच अवैध संबंध बढ़ रहे हैं।

7. इन जनजातीय उग्रवादियों/सशस्त्र शरारती तत्वों ने पुलिस/सुरक्षा बलों तथा निर्दोष गैर जनजातियों (विशेष रूपसे बंगालियों) पर हमला करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई है ताकि उन्हें त्रिपुरा छोड़ने के लिए बाध्य किया जा सके। इन आतंकवादियों के अधिकांश पीड़ित गैरजनजातीय, विशेष रूप से बंगाली लोग हैं। इससे त्रिपुरा राज्य में जनजातीय तथा गैरजनजातीय लोगों के बीच वैमनस्य पैदा हो गया है जिससे यहां हिंसक नृजातीय संघर्ष की स्थिति पैदा हो जाती है जिसके परिणामस्वरूप यहां मामूली उकसावे पर नृजातीय संघर्ष पैदा हो जाते हैं।

8. एनएलएफटी तथा एटीटीएफ को पूर्व में 'विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967' के तहत 3 अक्तूबर, 2003 से 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित किया गया था। न्यायमूर्ति श्री आर. सी. जैन की अध्यक्षता में गठित विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण ने 24.3.2004 के आदेश के तहत एनएलएफटी तथा एटीटीएफ पर लगाए गए प्रतिबंध को बढ़ाए जाने की पुष्टि की थी। इस घोषणा को 3 अक्तूबर, 2005 से 2 वर्ष की और अवधि तक बढ़ा दिया गया है।

9. इस तथ्य के बावजूद,कि एनएलएफटी तथा एटीटीएफ पर अब निरन्तर 8 वर्ष से प्रतिबंध लगा हुआ है, त्रिपुरा में जनजातीय विद्रोह सुरक्षा का गम्भीर विषय बना हुआ है। एनएलएफटी तथा एटीटीएफ दोनों अवैध कर वसूली, जबरन धन ऐंठकर तथा फिरौती के लिए अपहरण के द्वारा भारी तादाद में धन इकट्ठा करना जारी रखे हुए हैं। एनएलएफटी तथा एटीटीएफ द्वारा शस्त्रों का प्रापण भी जारी है। अतः प्रतिबंध के और विस्तार के संबंध में निर्णय लेने से पूर्व निम्नलिखित बातों पर गौर किया गया है:-

i. एनएलएफटी तथा एटीटीएफ दोनों के अपने संविधान हैं जिनमें उनके अंतिम उद्देश्य के रूप में अलग जन जातीय राज्य की मांग करके भारत से त्रिपुरा को अलग करने का उल्लेख किया गया है ;

ii. एनएलएफटी तथा एटीटीएफ अनेक हिंसक घटनाओं, सेना तथा पुलिस कार्मिकों से शस्त्रों एवं गोलाबारूद की लूटपाट के लिए जिम्मेदार रहे हैं। इन घटनाओं में बड़ी संख्या में सेना, पुलिस कार्मिकों एवं आम नागरिकों की जानें गई हैं;

iii. इसके अतिरिक्त, एनएलएफटी तथा एटीटीएफ शस्त्रों एवं गोलाबारूद के प्रापण तथा अपने नेताओं एवं काडरों के लिए जबरन धन ऐंठने तथा अवैध कर वसूली का सहारा लेना जारी रखे हुए हैं;

iv. एटीटीएफ तथा एनएलएफटी दोनों ने पूर्वोत्तर के अन्य उग्रवादी संगठनों के साथ सम्पर्क स्थापित कर लिए हैं। ऐसी सूचना है कि एनएलएफटी ने नेशनल सोशलिस्ट काउन्सिल ऑफ नागालैंड के इसाक-मुईवाह [गुट (एनएससीएन (आई/एम)] के साथ गहन संबंध विकसित कर लिए हैं। दूसरी ओर एटीटीएफ के यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) तथा मणिपुर के मैतेई उग्रवादी संगठनों के साथ भी संबंध हैं;

v. एटीटीएफ तथा एनएलएफटी दोनों के बंगलादेश में प्रशिक्षण शिविर और छिपने के अड्डे हैं तथा ये हिंसा की प्रमुख घटनाओं में शामिल होने के बाद आश्रय के लिए बार-बार बंगलादेश के भू-भाग का प्रयोग करते रहे हैं। इनमें से अधिकांश घटनाओ की योजनाएं बंगलादेश में तैयार की गई हैं तथा इनको वहीं से निष्पादित किया गया है;

vi. एनएलएफटी तथा एटीटीएफ दोनों अवैध शस्त्रों एवं गोलाबारूद के प्रापण में लगे हुए हैं। इन शस्त्रों को या तो विदेशों में अवैध शस्त्र व्यापारियों से खरीदकर देश में उनकी तस्करी की जाती है अथवा उन्हें विभिन्न सुरक्षा बलों से छीना जाता है।

10. त्रिपुरा सरकार, रक्षा मंत्रालय, सेना मुख्यालय, आसूचना ब्यूरो, मंत्रिमंडल सचिवालय (अनुसंधान एवं विश्लेषण विंग), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा सीमा सुरक्षा बल ने एनएलएफटी और एटीटीएफ पर लगे प्रतिबंध को 2 अक्तूबर, 2005 के बाद 2 वर्ष की और अवधि तक बढ़ाए जाने की सिफारिश की है।

11. संक्षेप में, एनएलएफटी तथा एटीटीएफ दोनों को 'विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967' के अंतर्गत 3 अक्तूबर, 2005 से 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित किए जाने के समर्थन में निम्नलिखित कारण सूचीबद्ध किए गए हैं:-

i. एनएलएफटी द्वारा त्रिपुरा को भारत से अलग करने की नीति का निरन्तर रूप से समर्थन करना तथा एटीटीएफ द्वारा सात राज्यों को मिलाकर एक अलग राष्ट्र का गठन।

ii. भारत की संप्रभुता तथा अखंडता के लिए हानिकर गतिविधियों में सतत रूप से शामिल रहना।

iii. अपने उद्देश्य की प्राप्ति के साधन के रूप में सशस्त्र कार्रवाई के माध्यम से हिंसा एवं आतंक को अपनाना।

iv. व्यवसायियों, व्यापारियों तथा सरकारी कर्मचारियों सहित आम जनता से बड़े पैमाने पर जबरन धन ऐंठना तथा अवैध कर वसूली करना।

v. पूर्वोत्तर के अन्य विद्रोही संगठनों के साथ सम्पर्क तथा उनको समर्थन। जबकि एनएलएफटी ने नेशनल सोशलिस्ट काउन्सिल ऑफ नागालैंड के इसाक-मुइवाह गुट (एनएससीएन (आई/एम) के साथ संबंध स्थापित कर लिए हैं, वहीं एटीटीएफ ने यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) तथा मणिपुर के मैतेई उग्रवादी संगठनों के साथ संबंध बना लिए हैं।

vi. पड़ौसी बंगलादेश में शरण स्थल, सुरक्षित आश्रय तथा प्रशिक्षण शिविरों को निरन्तर रूप से बनाए रखना।

vii. छिपे तरीकों से अथवा विभिन्न सुरक्षा बलों से छीनकर बड़ी तादाद में परिष्कृत शस्त्र एवं गोलाबारूद का प्रापण।

12. उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में नेशनल लिबरेशन फ्रंट आफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) तथा आल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) दोनों को पूर्व अधिसूचना की वैधता समाप्त होने की तारीख 3.10.2005 के

पश्चात् 'विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3(3) के परन्तुक के साथ पठित धारा 3(1) के अंतर्गत 'विधिविरुद्ध संगम' के रूप में घोषित करना जरूरी समझा गया। इससे वे अपने नकारात्मक उद्देश्यों तथा क्रियाकलापों का खुले-आम प्रचार करने तथा आम जनता का समर्थन प्राप्त करने में हतोत्साहित होंगे। इससे उनके समर्थकों को एटीटीएफ तथा एनएलएफटी को आश्रय देने तथा सहायता देने से रोका जा सकेगा। तदनुसार एनएलएफटी तथा एटीटीएफ को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 की उप-धारा (1) के अंतर्गत दिनांक 3.10.2005 से विधिविरूद्ध संगम के रूप में घोषित किया गया है और उपर्युक्त घोषणा को उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप धारा (3) के अंतर्गत अधिसूचना के सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तत्काल रूप से प्रभावी बना दिया गया। इस संबंध में जारी की गई दिनांक 3.10.2005 की अधिसूचना सं. का.ज्ञा. 1446 (अ) की एक प्रति संलग्न है।

5). विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अंतर्गत अधिकरण का एक रजिस्ट्रार भी नियुक्त कर दिया गया था जिसने 9 नवम्बर, 2005 को आयोजित अधिकरण की पहली बैठक में अधिकरण के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। इस अधिकरण की पहली सुनवाई 9 नवम्बर, 2005 को की गयी थी। केन्द्रीय सरकार तथा त्रिपुरा राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व काउन्सेल ने किया था परन्तु एनएलएफटी और एटीटीएफ की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ।

6). इस अधिसूचना तथा निदेश के अनुसरण में अधिकरण ने अधिनियम की धारा 4(2) के अंतर्गत एनएलएफटी तथा एटीटीएफ दोनों को अलग-अलग कारण बताओ नोटिस जारी करने के निदेश दिए कि वे इन नोटिसों के प्रकाशन/तामील होने की तारीख से 30 दिनों के अन्दर यह स्पष्ट करें कि उन संगमों को विधिविरुद्ध क्यों न घोषित कर दिया जाए तथा अधिनियम की धारा 3 की उप धारा (1) के अंतर्गत की गई घोषणा की सम्पुष्टि के आदेश क्यों न जारी किए जाएं। इन नोटिसों को निम्नलिखित ढंग से तामील कराने के निदेश दिए गए:-

i. इन नोटिसों की प्रतियों को उपर्युक्त संगमों के कार्यालयों, यदि कोई हों, के स्पष्ट दृष्टिगोचर स्थलों पर चिपकाया जाए और इन नोटिसों को इन संगमों के क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों पर चिपकाया जाए तथा प्रभावी बनाया जाए;

ii. उन क्षेत्रों में जहां इन संगठनों की गतिविधियाँ सामान्य रूप से चल रही होती हैं, अधिकरण के गठन की अधिसूचना तथा नोटिस की विषयवस्तु को लाउडस्पीकर पर या ढोल बजाकर उद्घोषणा द्वारा;

iii. त्रिपुरा से प्रकाशित अखबारों में नोटिस छपवा कर तथा इन संगठनों के क्षेत्र में इलेक्ट्रानिक तथा अन्य प्रिन्ट मीडिया द्वारा।

7). पुनः यह निदेश दिया गया कि उपर्युक्त सभी साधनो से तीस दिनों के अन्दर नोटिस की तामील की जाए और नोटिसों के तामील की सूचना राज्य/केन्द्रीय सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा एक हलफनामा भरकर 10 जनवरी, 2006 से पहले अधिकरण के रजिस्ट्रार को दे दी जाए। केन्द्रीय सरकार

तथा त्रिपुरा सरकार से भी यह कहा गया कि वे अपने गवाहों के हलफनामे तथा वे दस्तावेज 10 जनवरी, 2006 से पहले फाइल करा दें जिनके भरोसे पर उल्लिखत संगठनों को विधिविरुद्ध घोषित कराने का आधार तथा तर्क दिया गया।

8). परिणामस्वरूप, श्री आर.आर. झा, निदेशक, गृह मंत्रालय, भारत सरकार का हलफनामा दे दिया गया जिन्हें अधिसूचना में लिए गए विभिन्न कदमों के बारे में तथा अधिकरण द्वारा प्रस्तावित न्याय निर्णय के लिए प्रतिवादी बनाया गया। प्रतिवादी ने एनएलएफटी तथा एटीटीएफ पर तामील प्रभावी बनाने के लिए त्रिपुरा सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का विस्तृत ब्यौरा दिया। यह उद्घाटित किया गया कि इन संगठनों के कार्यालयों, यदि कोई हों, के खुले भाग पर इन नोटिसों की प्रतियां चिपकाकर तामील करने के लिए पुलिस महानिदेशक को निदेश दिया गया। त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक ने सूचना दी कि एनएलएफटी या एटीटीएफ का त्रिपुरा में कोई कार्यालय नहीं है। इन संगठनों और एसोसिएशनों के गिरफ्तार किए गए और आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों से की गई पूछताछ तथा उपलब्ध आसूचना के आधार पर यह बताया गया कि इन संगठनो के बंगलादेश में चोरी-छिपे ढंग से बनाए गए शिविर हैं। चूंकि, इन संगठनों के भारत में कोई कार्यालय नहीं हैं अतः इन विधिविरुद्ध संगमों के कार्यालयों के खुले भाग पर नोटिसों की प्रतियां चिपकाकर इन संगठनो को नोटिसों की तामीली नहीं की जा सकी। तथापि, जिलाधिकारी ने पुष्टि की है कि उन क्षेत्रों में जहां इन संगठनो की गतिविधियां सामान्यतः चलाई जाती हैं, इस अधिकरण के नोटिसों की विषयवस्तु को लाउडस्पीकर पर और या ढोल बजाकर उद्घोषणा की गई। इस संबंध में त्रिपुरा सरकार के दिनांक 02.12.2005 के पत्र की प्रति प्रस्तुत की गई। यह भी बताया गया कि इस अधिकरण के कारण बताओ नोटिसों को स्थानीय अखबार 'दैनिक सम्बाद' में प्रकाशित कराया गया था। इन नोटिसों को दिनांक 20.11.05 को 'जनसत्ता' (हिन्दी) तथा 19.11.2005 को 'दी टेलीग्राफ' (अंग्रेजी) नामक दो राष्ट्रीय दैनिक अखबारों में भी प्रकाशित कराया गया। नोटिस छपे इन अखबारों की कतरनों की प्रतियां भी प्रस्तुत की गईं और उनके बारे में प्रतिवाद किया गया। त्रिपुरा सरकार ने अपने दिनांक 30.11.2005 के पत्र द्वारा इस बात की पुष्टि की है कि इस अधिकरण के नोटिस को दिनांक 29.11.2005 तथ 30.11.2005 को आकाशवाणी केन्द्र, अगरतला के स्थानीय आकाशवाणी केन्द्रों तथा दिनांक 27.11.05 को दूरदर्शन, अगरतला के समाचार बुलेटिन के जरिए प्रसारित तथा टेलीप्रसारित कराके व्यापक प्रचार किया गया। रेडियो और दूरदर्शन से प्रचार के सम्बन्ध में त्रिपुरा सरकार के दिनांक 30.11.2005 के पत्र की एक प्रति भी प्रस्तुत की गई।

9). नोटिस जारी करने तथा प्रकाशित करने की पुष्टि त्रिपुरा सरकार के आवास आयुक्त द्वारा भी की गई जिसने एक हलफनामा प्रस्तुत किया तथा प्रतिवाद किया कि ये नोटिस निर्धारित तरीकों के अनुरूप इन संगठनो के नाम से जारी किए जाएं। प्रकाशित किए गए तथा इनके समर्थन में पत्राचार एवं प्रशस्तियों की प्रतियां भी फाइल की गयी। इस अधिकरण द्वारा जारी किए गए इन नोटिसों को सुनिश्चित करने के लिए अधिकरण के रजिस्ट्रार तथा अन्य कर्मचारियों ने त्रिपुरा राज्य का दौरा किया। इन अधिकारियों ने 30 नवम्बर, 2005 को त्रिपुरा के पश्चिम जिला की तहसील सदर स्थित हजेनारा ब्लाक का दौरा किया और जारी नोटिसों की बीडीओ के कार्यालयों तथा बाजार में प्रमुख स्थानों पर चिपका हुआ पाया। इन अधिकारियों ने दिनांक 1 दिसम्बर, 2005 को पश्चिम त्रिपुरा जिले की खोवाई तहसील तथा

ढलाई जिले की अम्बासा तहसील का दौरा भी किया और इन नोटिसो को बाजार तथा अन्य मुख्य स्थानों पर चिपका हुआ पाया। 2 दिसम्बर, 2005 को इन अधिकारियों ने उत्तर त्रिपुरा जिले का तथा 3 दिसम्बर, 2005 को दक्षिण त्रिपुरा जिले का दौरा किया तथा इन नोटिसो को प्रमुख स्थानों तथा बाजरो में चिपका एवं लगा हुआ पाया। अधिकरण के गठन तथा कारण बताओ नोटिस को ढोलों को बजाकर तथा लाउडस्पीकारों के द्वारा किए गए प्रचार के बारे में इन अधिकारियों ने उन क्षेत्रों के लोगों से पता लगाया जहां एनएलएफटी तथा एटीटीएफ की गतिविधियां सामान्यतः चलाई जाती हैं। अधिकरण के रजिस्ट्रार ने भी पश्चिम त्रिपुरा के खोवाई सब-डिवीजन तथा ढलाई जिले के अम्बासा सब-डिवीजन में संबंधित क्षेत्रों में बंगाली में तथा त्रिपुरा जनजातीय लोगों द्वारा बोली जाने वाली स्थानीय भाषा लाउडस्पीकर द्वारा किए गए प्रचार को देखा।

10). अधिकरण तथा विभिन्न तरीकों से इसकी बैठकों के बारे में किए गए प्रचार के बावजूद किसी भी व्यक्ति ने उपस्थित होकर सरकार द्वारा जारी की गई इस अधिसूचना का विरोध नहीं किया। एनएलएफटी तथा एटीटीएफ इन दोनों संगमों में से किसी ने भी इस संबंध में कोई कारण प्रस्तुत नहीं किया है कि उक्त संगमों को विधिविरुद्ध संगम क्यों न घोषित कर दिया जाए। इन संगमों का भी कोई प्रतिनिधि अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुआ है। अधिकरण की किसी भी सुनवाई के दौरान कोई भी व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ। अधिकरण की सुनवाई अगरतला में भी हुई तथा त्रिपुरा राज्य सरकार के कुछ गवाहों से अगरतला में पूछताछ की गई। तथापि इन संगमों की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ और किसी ने भी सरकार की अधिसूचना का विरोध नहीं किया है अथवा कोई दलील या ऐसे तथ्य प्रस्तुत नही किए हैं जिन पर एटीटीएफ तथा एनएलएफटी को विधिविरुद्ध संगम घोषित करने सम्बन्धी भारत सरकार की अधिसूचना पर गौर करते समय विचार किया जा सकता हो।

11). विधिविरुद्ध घोषित किए जाने वाले संगठनों की ओर से मात्र विरोध न किया जाना और सरकार द्वारा उनकी दलीलों और आधारों पर विचार किए बिना उन्हें विधिविरुद्ध घोषित किए जाने और केन्द्रीय सरकार द्वारा 3 अक्तूबर, 2005 को जारी अधिसूचना संख्या 1446 (अ) की सम्पुष्टि किए जाने के लिए पर्याप्त आधार नहीं हैं। 'विधिविरुद्ध क्रियाकलाप' तथा 'विधिविरुद्ध संगम' को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 2(च) तथा (छ) के अंतर्गत परिभाषित किया गया है जो निम्न प्रकार हैं:

विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967

2. परिभाषाएं: इस अधिनियम में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(च) 'विधिविरुद्ध क्रिया' से किसी व्यष्टि या संगम के संबंध में, ऐसे व्यष्टि या संगम द्वारा (चाहे कोई कार्य करके, या बोले गए या लिखे गए शब्दों द्वारा, या संकेतों द्वारा, या दृश्यरूपण द्वारा या अन्यथा) की गई कोई ऐसी कार्रवाई अभिप्रेत है,-

(i) जो किसी भी आधार पर, चाहे वह कुछ भी हो, भारत के राज्यक्षेत्र के किसी भाग का अध्यर्पण या भारत के राज्यक्षेत्र के किसी भाग का संघ से विलग हो जाना घटित

करने के लिए आशायित है, या उसके लिए किसी दावे का समर्थन करती है, या जो ऐसा अध्यर्पण या विलग हो जाना घटित करने के लिए किसी व्यष्टि या व्यष्टियों के समूह को उद्दीप्त करती है;

(ii) जिससे भारत की प्रभुता और प्रादेशिक अखण्डता का अनु-अंगीकरण होता है या उन पर आक्षेप होता है या जो उन्हें विच्छिन्न करती है या विच्छिन्न करने केलिए आशायित है;

(छ) "विधिविरुद्ध संगम" से कोई ऐसा संगम अभिप्रेत है-

(i) जिसका उद्देश्य कोई विधिविरुद्ध क्रिया है या जो कोई विधिविरुद्ध क्रिया करने के लिए व्यक्तियों को प्रोत्साहित करता है या उसकी सहायता करता है अथवा जिसके सदस्य ऐसी क्रिया करते हैं; अथवा

(ii) जिसका उद्देश्य भारतीय दंड संहिता 1860 (1860 का 45) की धारा 153क या धारा 153ख के अधीन दण्डनीय कोई कार्य है या जो कोई ऐसा कार्य करने के लिए व्यक्तियों को प्रोत्साहित करता है या उनकी सहायता करता है अथवा जिसके सदस्य कोई ऐसा कार्य करते हैं;

परन्तु उपखण्ड (ii) की कोई बात जम्मू-कश्मीर राज्य पर लागू नहीं होगी।

इन परिभाषाओं से यह स्पष्ट है कि इस प्रश्न का निर्धारण, कि क्या कोई संगम धारा 3 की उप धारा (1) के अंतर्गत की गई घोषणा के अनुसार विधिविरुद्ध संगम है अथवा बन गया है, वस्तुनिष्ठ निर्णय पर आधारित होना चाहिए; तथा निर्धारण ऐसा होना चाहिए कि इस प्रकार के संगम द्वारा " की गई कोई कार्रवाई" विधिविरुद्ध क्रियाकलाप हो" जो उस संगम का उद्देश्य है अथवा उसका उद्देश्य ऐसी कोई कार्रवाई करना हो जो भारतीय दंड संहिता की धारा 153क अथवा धारा 153ख के अंतर्गत दंडनीय हो। किसी उद्देश्य निर्धारण में निकाले गए किसी निष्कर्ष के आधार पर ही धारा 3 की उप धारा (1) के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा कोई घोषणा की जा सकती है।

12). खड (च) में परिभाषित किसी "विधिविरुद्ध क्रियाकलाप" से तात्पर्य उस खंड में विनिर्दिष्ट किसी "की गई कार्रवाई" से है। दूसरे शब्दों में, "विधिविरुद्ध क्रियाकलाप" करने वाले इस प्रकार के संगम द्वारा "की गई कोई कार्रवाई" परिभाषा में विनिर्दिष्ट प्रकार की होनी चाहिए। इन तथ्यों का निर्धारण अधिनियम की धारा 3 की उप धारा (1) के अंतर्गत किसी संगम को विधिविरुद्ध घोषित किए जाने का आधार होता है खंड (छ) में "विधिविरुद्ध संगम" को उसके उप खंड (झ) में "विधिविरुद्ध क्रियाकलाप" के संदर्भ में परिभाषित किया गया है तथा उप खंड (ii) में इसका संबंध भारतीय दंड संहिता की धारा 153-क अथवा 153-ख के अंतर्गत दंडनीय अपराधों से है। उप-खण्ड (ii) में वस्तुनिष्ठ निर्धारण भारतीय दण्ड संहिता की धारा 153-क या धारा 153-ख के अन्तर्गत दण्डनीय अपराधों के संदर्भ में है जबकि उप खण्ड (i) में यह खण्ड (च) में यथापरिभाषित 'विधिविरुद्ध क्रियाकलाप' के संदर्भ में है। धारा 3 की

उप-धारा (2) में यह अपेक्षा की जाती है कि उप धारा (1) के अन्तर्गत जारी अधिसूचना के उन आधारों को निर्धारित किया जाए जिन पर यह जारी की गई है और वे अन्य विवरण बताए जाएं जिन्हें केन्द्रीय सरकार जानना जरूरी समझे। यह जरूरत इंगित करती है कि संगम को कार्रवाई का आधार बताए जाने के साथ-साथ उस कार्रवाई का निष्पादन उद्देश्यपरक हो।

13). सामान्यतः धारा 3 की उप धारा (1) के अन्तर्गत जारी अधिसूचना उचित जांच पड़ताल के पश्चात धारा 4 के अन्तर्गत अधिकरण द्वारा की गई पुष्टि के बाद ही प्रभावी होती है, परन्तु असाधारण परिस्थितियों में इसे तत्काल प्रभाव से प्रभावी करने की जरूरत होती है, तो यह केन्द्रीय सरकार द्वारा 'कारणों का लिखित में उल्लेख करने' तथा अधिनियम की धारा 4 के अन्तर्गत किए गए किसी आदेश के अध्यधीन भी किया जा सकता है। धारा 3 में मामले को केन्द्रीय सरकार द्वारा वस्तुनिष्ट निर्धारण की तथा धारा 4 में केन्द्रीय सरकार के कार्य की अधिकरण द्वारा पुष्टि की जरूरत होती है। धारा 4 अधिकरण के विचार से संबंधित है। उप-धारा (1) में केन्द्रीय सरकार से यह अपेक्षा की जाती है कि धारा 3 की उप धारा (1) के अन्तर्गत जारी आदेश को **'यह न्याय निर्णय करने के उद्देश्य के लिए कि किसी संगम को विधिविरुद्ध घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण है या नहीं'** अधिकरण के पास भेजेगा। अधिकरण के पास संदर्भ के लिए भेजे जाने का उद्देश्य केवल यह देखना है कि उक्त घोषणा करने के पर्याप्त कारण मौजूद हैं।

14). इस संदर्भ में 'न्याय निर्णय' तथा 'पर्याप्त कारण' शब्द महत्वपूर्ण हैं। निदेश प्राप्त होने पर उप-धारा (2) अधिकरण से प्रभावित संगम को 'कारण दर्शाते हुए लिखित नोटिस देने' की अपेक्षा करती है कि संगम को विधिविरुद्ध क्यों न घोषित कर दिया जाए, जब तक इस आधार पर, जिस पर घोषणा की जाती है और इसके विरुद्ध कारण बताने का उपयुक्त अवसर हो, प्रभावी नोटिस नहीं लिया जाता तब तक यह आवश्यकता अर्थहीन होगी। उक्त नोटिस में बताए गए कारण पर विचार करने के बाद उप धारा (3) अधिकरण द्वारा एक विशिष्ट जाँच पड़ताल विनिर्दिष्ट करती है। किसी भी संगठन को विधिविरुद्ध घोषित करने के पर्याप्त कारण हैं या नहीं, यह निर्णय करने के लिए अधिकरण केन्द्र सरकार या एसोसिएशन से भी आवश्यक समझे जाने पर ऐसी अन्य सूचना मंगा सकता है। अधिकरण को एक ऐसा आदेश जारी करने की जरूरत है जिसमें वह '' अधिसूचना में की गई घोषणा की पुष्टि अथवा उसे निरस्त'' करने के लिए उपयुक्त मान सकता है।

15). अधिकरण द्वारा की जाने वाली जाँच में यह अपेक्षा की जाती है कि इसमें उस सामग्री, जिसके आधार पर केन्द्र सरकार द्वारा धारा 3 की उप धारा (1) के तहत अधिसूचना जारी की जाती है, जारी किए गए नोटिस के उत्तर में संगम द्वारा बताए गए कारण की जाँच की जाए तथा इस संगम को विधिविरुद्ध घोषित करने के संबंध में पर्याप्त कारण की मौजूदगी के बारे में निर्णय करने के लिए अधिकरण द्वारा मांगी गई इस प्रकार की और किसी सूचना पर विचार किया जाए। इस समूची प्रक्रिया में दोनों पक्षों द्वारा अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत सामग्री के आधार पर वास्तविक निर्धारण करना अपेक्षित होता है। सामग्री की विश्वसनीयता साधारणतः वस्तुनिष्ठ आकलन करने में सक्षम होनी चाहिए।

अधिकरण द्वारा यह निर्णय करना होता है "क्या संगम को विधिविरुद्ध घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण है अथवा नहीं।" इस प्रकार के निर्धारण के लिए यह जरूरी है कि अधिकरण ऐसे निष्कर्ष पर पहुँचे कि इस घोषणा के समर्थन में प्रस्तुत सामग्री इसके विपरीत सामग्री से काफी प्रभावी हो। इस संदर्भ में अत्यधिक संभावना की कसौटी अधिक व्यावहारिक लगती है।

16). अवैध घोषित किए जाने वाले संगठनों की तरफ से कोई विरोध न होने और अधिकरण के समक्ष कुछ भी सामग्री प्रस्तुत न किए जाने के बावजूद केन्द्रीय सरकार द्वारा आधार बनाई गई और प्रस्तुत की गई सामग्री तथा इन संगठनों को "अवैध संगम" घोषित किए जाने संबंधी व्यक्त कारणों के मद्देनजर केन्द्रीय सरकार द्वारा आधार बनाई गई सामग्री की विश्वसनीयता तथा दर्शाए गए कारणों की यथेष्टता का वास्तविक आकलन होना आवश्यक है।

17). गृह मंत्रालय में निदेशक पद पर तैनात श्री आर.आर.झा की गवाही को प्रस्तुत किया गया था। उन्होंने गवाही दी कि नेशनल लिब्रेशन फ्रंट आफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) तथा आल त्रिपुरा टाईगर फोर्स (एटीटीएफ) दोनों संगठन शेष भारत से त्रिपुरा को अलग करने और एक नए राष्ट्र के निर्माण की मांग कर विघटनकारी प्रवृत्तियाँ फैला रहे हैं। जहाँ नेशनल लिब्रेशन फ्रंट आफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) अपने संस्थापना के समय से ही एक अलग राष्ट्र की मांग कर रहा है वहीं ऑल त्रिपुरा टाईगर फोर्स (एटीटीएफ) की विघटनकारी प्रवृत्तियां तबसे स्पष्ट हुई हैं जबसे 1997 में स्थापित की गई उनकी राजनीतिक शाखा, त्रिपुरा पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट ने हिंसात्मक आंदोलन के माध्यम से 'राष्ट्रीय स्वतंत्रता' की बात कहनी प्रारम्भ की तथा भारतीय सेना/सुरक्षा बलों (एसएफएस) को " भारतीय प्रग्रहण बल" और भारतीय आजादी को अपनी 'उपनिवेशीय दासता' करार दिया है। ये दोनों संगठन न केवल हिंसात्मक आंदोलन और अपने उद्देश्य की प्राप्ति हेतु हिंसा करने में विश्वास करते हैं बल्कि ये निरंतर हिंसा, निर्दोष लोगों को मारने और जातीय अशांति भड़काने में संलिप्त हैं। नेशनल लिब्रेशन फ्रंट आफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) तथा आल इंडिया टाईगर फोर्स (एटीटीएफ) के अन्य ब्यौरे जैसे कि उनके लक्ष्य एवं उद्देश्य, पदाधिकारियों के नाम,अन्य पूर्वोत्तर गुटों के साथ संपर्क तथा विदेशी संपर्क आदि भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 37 थानों को आंशिक रूप से /पूर्णतः अशांत घोषित करने के बाबजूद नेशनल लिब्रेशन फ्रंट आफ त्रिपुरा तथा आल इंडिया टाईगर फोर्स दोनों गुटों द्वारा हिंसा तथा लूट-खसोट किया जाना जारी है। 1993-2003 के दौरान एटीटीएफ द्वारा मारे गए व्यक्तियों की संख्या 2003 में चरम सीमा पर पहुंच गई। तथापि, पिछले कुछ समय से त्रिपुरा राज्य सरकार द्वारा प्रभावी विद्रोहवाद-विरोधी अभियानों के चलते एनएलएफटी तथा एटीटीएफ द्वारा की गई हिंसा की घटनाओं में कुछ कमी आई है। एनएलएफटी द्वारा मारे गए लोगों की संख्या में कमी की वजह भारत सरकार तथा त्रिपुरा सरकार के साथ 15 अप्रैल 2004 को '' अभियान निलंबन'' के लिए एक करार पर हस्ताक्षर करने तथा 17 दिसम्बर, 2004 को 'समझौता ज्ञापन' पर हस्ताक्षर करने के अनुसरण में श्री नयनबासी जमातिया के नेतृत्व में एनएलएफटी के एक गुट के 145 काडरों द्वारा आत्मसमर्पण करना भी हो सकता है। दोनों गुट गैर-आदिवासियों, विशेष रूप से बंगालियों को त्रिपुरा से निकालने का समर्थन कर रहे हैं और जब भी इन गुटों को मौका मिलता है ये उन पर प्रहार करते हैं जिससे जरा सी बात पर जातिगत दंगे/तनाव उत्पन्न हो जाते हैं। उन्होंने बयान दिया है कि इन आतंकवादी गुटों के क्रियाकलापों

के कारण राज्य में अत्यधिक जनजातीय-गैर जनजातीय तनाव व्याप्त है। एनएलएफटी तथा एटीटीएफ के भूमिगत काडरों द्वारा 2004-2005(दिसम्बर 2005) में अंजाम दी गई बड़ी घटनाओं का विवरण भी शपथपत्र के साथ दिया गया है।

18). त्रिपुरा सरकार के आवासीय आयुक्त का बयान भी दर्ज किया गया है जिन्होंने कहा है कि दो उग्रवादी संगठन, एनएलएफटी तथा एएएफटी और उनके गुट त्रिपुरा राज्य में सक्रिय हैं। उनके लक्ष्य और उद्देश्य स्पष्ट तौर पर अलगाववादी हैं और वे राज्य में हिंसक कार्यकलापों में लिप्त हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने पहली बार 1997 में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के उपबंधों को लागू किया था। चूंकि इन दोनों संगठनों ने अपने अलगाववादी एवं हिंसक क्रियाकलाप जारी रखे हुए हैं इसलिए आज तक उन पर प्रतिबंध जारी है। इन प्रतिबंध आदेशों के ब्यौरे उनके द्वारा दिए गए थे जो इस प्रकार हैं :-

i)	दिनांक 03.04.1997 की अधिसूचना सं. का.आ. 291 (अ) एनएलएफटी	
ii)	दिनांक 03.04.1997 की अधिसूचना सं. का.आ. 292 (अ) एटीटीएफ	
iii)	दिनांक 03.04.1999 की अधिसूचना सं. का.आ. 226(अ)	दोनों
iv)	दिनांक 03.10.2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 968 (अ)	दोनों
v)	दिनांक 03.10.2003 की अधिसूचना सं. का.आ. 1164 (अ)	दोनों
vi)	दिनांक 03.10.2005 की अधिसूचना सं. का.आ. 1446 (अ)	दोनों

19). संयुक्त आवासीय आयुक्त ने त्रिपुरा राज्य की ओर से कहा कि एनएलएफटी तथा एटीटीएफ ने अपने गुटों सहित अपने लक्ष्य एवं उद्देश्य के रूप में त्रिपुरा को भारत संघ से अलग करने के प्रयास जारी रखे हुए हैं और इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए उनके अलगाववादी, विध्वंसक, हिंसक तथा आतंकवादी क्रियाकलाप जारी हैं।

एनएलएफटी तथा एटीटीएफ के संविधान में उनके उद्देश्य के रूप में भारत संघ से अलगाव का वर्णन है। एनएलएफटी तथा एटीटीएफ के संविधान की सही प्रतियां भी, जो परिचालन में हैं, उनके द्वारा प्रस्तुत की गईं। उन्होंने त्रिपुरा, जो पहले एक रजवाड़ा था, का संक्षिप्त इतिहास भी बताया जिसे अक्तूबर, 1949 में संघ राज्य में विलय कर दिया गया था। इसके विलय के बाद त्रिपुरा भारत का एक अभिन्न अंग बन गया है। तथापि, अपने अलगाववादी लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए एटीटीएफ तथा एनएलएफटी तथा उनके गुटों ने अवैध रूप से एक पृथक संविधान अंगीकृत किया है जिसमें एक सिविलियन ढांचे के रूप में एक ''सैपरेट पीपुल्स रिपब्लिक गवर्नमैंट'' की व्यवस्था दी गई है। उन्होंने कहा है कि उन्होंने नियमित सेना की तर्ज पर सोपानबद्ध ढांचे सहित एक पृथक सशस्त्र विंग भी बनाया हुआ है। उनके पास बड़ी संख्या में घातक हथियार हैं जिनमें घोर विनाशकारी अत्याधुनिक हथियार भी शामिल हैं। अपनी स्थापना/गठन के बाद से ही एनएलएफटी तथा एटीटीएफ अपने गुटों सहित बड़ी संख्या में विध्वंसक क्रियाकलापों के लिए उत्तरदायी हैं। त्रिपुरा को भारत संघ से 'स्वतंत्र' कराकर एक स्वतंत्र 'बोरोकलैंड

त्रिपुरा'' की स्थापना करने के अपने उद्घोषित लक्ष्य को प्राप्त करने के अपने उद्देश्य के साथ एनएलएफटी तथा एटीटीएफ और उनके गुट विभिन्न अलगाववादी एवं विध्वंसक क्रियाकलापों में लिप्त रहे हैं जिनका लक्ष्य देश की प्रभुसत्ता को खतरे में डालना, लोक व्यवस्था एवं राज्य के विकास को अवरुद्ध करना तथा लोगों में भय उत्पन्न करना है। इनके कार्यकलापों में पुलिस एवं अर्द्ध सैनिक बलों पर हमला, हथियार एवं गोला-बारूद लूटना, नागरिकों के खिलाफ हिंसा, अपहरण तथा लूट-खसोट शामिल हैं। उन्होंने अवैध तरीकों से शस्त्रों तथा गोलाबारूद का प्रापण करना जारी रखा हुआ है और वे इनका इस्तेमाल शांति भंग करने तथा भारत के संविधान और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों को तोड़ने के लिए करते हैं। वे जनता तथा सरकारी कर्मचारियों से 'कर नोटिसों' द्वारा धन वसूल करने में भी लिप्त हैं। इन नोटिसों की प्रतियां भी त्रिपुरा राज्य द्वारा प्रस्तुत की गईं और साबित की गईं। इन गुटों की ताजा प्रवृत्तियां निम्नवत् बताई गईं :-

क) एनएलएफटी द्वारा भारत से त्रिपुरा के अलगाव की नीति को समर्थन देना जारी रखना तथा एटीटीएफ द्वारा सातों राज्यों से एक पृथक राष्ट्र का निर्माण करना।

ख) भारत की एकता और प्रभुसत्ता के लिए आहितकर क्रियाकलापों में लिप्त होना।

ग) अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के साधन के रूप में सशस्त्र कार्रवाई द्वारा हिंसा एवं डर उत्पन्न करने का रास्ता अपनाना जारी रखना।

घ) व्यापारियों तथा सरकारी कर्मचारियों सहित जनता से बड़ी मात्रा में लूट-खसोट करना तथा अवैध कर संग्रह करना।

ङ) पूर्वोत्तर के अन्य विद्रोही गुटों से संपर्क और उन्हें सहायता देना जबकि एनएलएफटी ने नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैण्ड के इसाक मुइवाह गुट (एनएससीएन (आई/एम) से संपर्क विकसित किए हैं, एटीटीएफ ने यूनाइटेट लिब्रेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) तथा मैतई एक्स्ट्रीमिस्ट ऑर्गेनाइजेशन ऑफ मणिपुर के साथ संपर्क विकसित किए हैं।

च) पड़ोसी देश बंगलादेश में आश्रय-स्थलों, सुरक्षित स्थानों तथा प्रशिक्षण शिविरों को लगातार बनाए रखना।

छ) गुप्त माध्यमों द्वारा अथवा विभिन्न सुरक्षा बलों से छीनकर बड़ी संख्या में अत्याधुनिक हथियारों एवं गोला बारूद का प्रापण करना।

20). भारत सरकार तथा त्रिपुरा सरकार की ओर से यह बयान दिया गया कि इन गुटों को 'विधिविरूद्ध संगम' घोषित करना अनिवार्य है क्योंकि एनएलएफटी तथा एटीटीएफ अत्यधिक सक्रिय हैं और अलगाववादी, विध्वंसक, आतंकवादी एवं हिंसक क्रियाकलापों को बढ़ाने के लिए अपने काडरों को जुटा रहे हैं। एनएलएफटी तथा एटीटीएफ सतत रूप से विधिविरूद्ध कर संग्रह, लूट-खसोट तथा यहां तक कि अपहरण और फिरौती के लिए व्यपहरण द्वारा भी विपुल मात्रा में निधियां इकट्ठी कर रहे हैं। इस अधिसूचना के विस्तार में विलंब होने से ये गुट स्थिति का नाजायज फायदा उठा सकते हैं। इससे इन गुटों के नेताओं को भारत के सुरक्षा सरोकारों के प्रतिकूल विदेशी ताकतों के साथ मिलकर राष्ट्र विरोधी क्रियाकलापों का खुलेआम प्रचार करने का मौका मिल जाएगा। ऐसी स्थिति में पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए उनके द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों को नजरबंद करना और उनपर मुकदमा चलाना कठिन हो जाएगा। विभिन्न घटनाओं के बारे में बताया गया जो इस बात का संकेत देती हैं कि एनएलएफटी तथा

एटीटीएफ को 03.10.2005 से विधिविरुद्ध संगम घोषित करने और उक्त घोषणा को तत्काल लागू करने के लिए वास्तव में ऐसी परिस्थितियां मौजूद हैं।

21). समुचित नोटिस के पश्चात् अधिकरण ने अपनी बैठक अगरतला में भी की। विभिन्न अधिकारियों तथा अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए गए। 10 मार्च, 2006 को हुई अधिकरण की बैठक में सात गवाहों से पूछताछ की गई। ये गवाह निम्नलिखित हैं :-

